न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, शिव

(पीठासीन अधिकारी श्री यक्ष चौधरी, IAS)

राजस्व वाद संख्या 209 / 2025 अन्तर्गत धारा 53, 188 RT Act.

वादीगण	बनाम	प्रतिवादीगण
1. जुनिपर ग्रीन स्टेलर प्राईवेट लिमिटेड जरिये अधिकृत सुनिल बोड़ा पुत्र ओमप्रकाश बोड़ा जाति ब्राहम्ण, निवासी वैशाली नगर, जयपुर (वादी सख्या 1 लीज धारक है) 2. कन्हैयालाल पुत्र सांवताराम 3. मंजुदेवी पत्नी कन्हैयालाल जाति माली, निवासी शिव तहसील शिव, जिला बाड़मेर		1. प्रकाश पुत्र सांवताराम 2. आशा देवी पत्नी प्रकाश 3. शांति पत्नी सांवताराम जाति माली, निवासी शिव तहसील शिव, जिला बाडमेर 4. तहसीलदार शिव

उपस्थित :– अधिवक्ता वादीगण – श्री अभयसिंह राठौड़
अधिवक्ता प्रतिवादीगण – श्री नरेन्द्रसिंह सियाग

–:: निर्णय ::–

दिनांक : 30.01.2026

उभयपक्ष अधिवक्ता को विभाजन प्रस्ताव पर सुना एवं पत्रावली का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया गया। विभाजन प्रस्ताव न्यायालय द्वारा जारी प्राथमिक डिक्री के अनुसार तैयार किया गया है तथा वादीगण अधिवक्ता द्वारा तहसीलदार शिव से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव अनुसार वादग्रस्त भूमि विभाजित किये जाने में अपनी सहमति व्यक्त की गई है। प्रतिवादीगण अधिवक्ता द्वारा कब्जा काश्त अनुसार विभाजन नहीं किये जाने की आपत्ति की गई, जबकि ऐसा कोई दस्तावेज साक्ष्य पेश नहीं किया गया, जिससे स्पष्ट हो कि कब्जा काश्त अनुसार विभाजन प्रस्ताव नहीं बनाया गया हो। विभाजन प्रस्ताव में विभाजन मौके पर कब्जा काश्त अनुसार बनाये जाने का स्पष्ट लिखा गया है। अतः तहसीलदार शिव से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव न्यायालय द्वारा जारी प्राथमिक डिक्री अनुसार होने एवं मौके पर कब्जा काश्त अनुसार होने से विभाजन प्रस्ताव स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

लिहाजा माफिक विभाजन प्रस्ताव अनुसार वाद स्वीकार किया जाकर तहसील शिव, पटवार मण्डल शिव के ग्राम शिव के खेत खसरा नम्बर 847 / 313 रकबा 8.2556 हैक्टेयर भूमि निम्नानुसार पक्षकारान् के नाम के आगे अंकित मुताबिक पृथक खातेदारी में घोषित की जाती है –

क्र. सं.	नाम खातेदार	राजस्व ग्राम	खसरा नम्बर	रकबा (हैक्ट. में)	किस्म	लगान	बरंग
1	कन्हैयालाल पुत्र सांवताराम 20639 / 130958 जाति माली सा. देह खातेदार मंजूदेवी पत्नी कन्हैयालाल 10319 / 30958 जाति माली सा. देह खातेदार	शिव	847 / 313	3.0958	बा.दो.	–	केसरिया
2	आशादेवी पत्नी प्रकाश 10320 / 51598, प्रकाश पुत्र सांवताराम 20639 / 30958, शांति पत्नी सांवताराम 20639 / 30958 जाति माली सा. देह खातेदार	शिव	847 / 313	5.1598	बा.दो.	–	गुलाबी

तहसीलदार शिव को इसी अनुसार राजस[illegible] अमल दरामद करने एवं नक्शा ट्रेस में प्रस्ताव अनुसार परिवर्तन सुनिश्चित करने [illegible] अनुसार पक्षकारों को बराबर हिस्सा मिल रहा है। बैंक हित [illegible] विभाजन प्रस्ताव के संलग्न प्राप्त नक्शा निर्णय का अभिन्न अंग रहेगा। तदनुसार डिक्री पर्चा जारी हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Yaksh Chaudhary
Date: 2026.02.18 09:54:35 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर
(SDO) शिव
सहायक कलक्टर शिव (बाड़मेर)

न्यायालय सहायक कलक्टर (SDO) शिव जिला बाड़मेर

निर्णय आज दिनांक 30.01.2026 सरे इजलास सुनाया गया।

सहायक कलक्टर
(SDO) शिव
सहायक कलक्टर शिव (बाड़मेर)